# थाईलैंड में होने वाली मिस ग्रैंड इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी कोटा की विशाखा

■ मिस ग्रैंड इंडिया 2025 बनने के बाद पहली बार कोटा आई विशाखा कंवर का हुआ स्वागत



मिस ग्रैंड इंडिया 2025 का खिताब जीतने वाली कोटा की विशाखा ने अपने अनुभव शेयर किए हैं।

**कोटा,** (निसं)। कोटा की बेटी विशाखा कंवर मिस ग्रेंड इंडिया 2025 बनने के बाद रविवार को पहली बार कोटा आई। इस दौरान विशाखा का रोड शो के साथ स्वागत किया गया। स्वागत समारोह हवाई अड्डे के सामने वाले बालाजी मंदिर से माहेश्वरी भवन कोटा तक आयोजित हुआ।

उल्लेखनीय है कि मिस ग्रैंड इंडिया 2025 का भव्य और ऐतिहासिक समापन 13 जुलाई को जी स्टूडियोज, जयपुर में हुआ था। यह राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता 4 से 14 जुलाई तक आयोजित की गई। जिसमें देशभर के विभिन्न प्रान्तों से चुनी गई 28 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। अब विशाखा कंवर अक्टूबर 2025 में थाईलैंड में होने वाली मिस ग्रैंड इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस दौरान विशाखा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हर काम को तनावमुक्त होकर करना चाहिए। अपने गोल पर फोकस करें और बार-बार ट्राई करते रहें, हारते हैं तो भी ट्राई कीजिए। विशाखा ने बताया कि वह पिछले 8 महीनों से मुंबई में रहकर प्रोफेशनल ट्रेनिंग ले रही थी।
इससे पहले भी उन्होंने फेमिना मिस इंडिया में भाग लिया था, लेकिन अनुभव की कमी के कारण वह चयनित नहीं हो सकीं। उस हार ने उन्हें तोड़ा नहीं, बल्कि निखारा। मैंने सीखा है कि हार ही सफलता का पहला अध्याय होती है। विशाखा ने कहा कि ग्लैमर सिर्फ फैशन नहीं, आत्मबल और आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है। भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं, अब समय है ग्लैमर की दुनिया में भी हम नेतृत्व करें।

महिलाओं को आसमान छूने की फ्रीडम मिलनी चाहिऐं। विशाखा ने कहा कि कोटा की मिट्टी में जो अनुशासन, आत्मबल और शिक्षा है, उसने उन्हें यह मुकाम दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। जेडीबी से ग्रेजुएशन करने वाली विशाखा शिवपुरा, कोटा निवासी हैं। उन्होंने कहा कि कोटा की बेटियां अब सिर्फ मेडिकल और इंजीनियरिंग में ही नहीं, ग्लैमर की दुनिया में भी चमकेंगी। अब लक्ष्य मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2025 का खिताब है। उन्होंने बताया कि वह पहले से अधिक मेहनत, अभ्यास और विश्वास के साथ इस प्रतियोगिता की तैयारी कर रही हैं।

डायरेक्टर सौरव आनंद ऋषि ने बताया कि इस वर्ष का ग्रैंड फिनाले और भी खास रहा, क्योंकि इसमें थाईलैंड से मिस ग्रैंड इंटरनेशनल की ऑफिशियल टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। मिस ग्रैंड इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट नवात इट्सारग्रिसिल स्वयं भारत आए और शो को जज किया। इसके साथ ही मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 की विजेता सीजे ओपीजा ने व्यक्तिगत रूप से विशाखा कंवर को मिस ग्रैंड इंडिया 2025 का ताज पहनाकर सम्मानित किया।

कॉ-डायरेक्टर आकांक्षा ठाकुर ने बताया कि 10-दिवसीय आयोजन में प्रतिभागियों को विभिन्न राउंड्स जैसे टैलेंट, ईवनिंग गाउन, हेड-टू-हेड इंटरव्यू, सोशल इशू प्रेजेंटेशन और पब्लिक स्पीकिंग से होकर गुजरना पड़ा। इस मंच ने यह सिद्ध किया कि सुंदरता के साथ-साथ विचारशीलता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी ही असली मुकुट की पहचान है। स्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन द्वारा आयोजित यह शो न केवल भारत के लिए गर्व का विषय रहा, बल्कि यह भारतीय पेजेंट इंडस्ट्री को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाईयों तक ले जाने वाला एक सशक्त कदम भी बना।

## अवैध गांजे सहित दो गिरफ्तार

**अन्ता** (निसं)। अंता पुलिस ने रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व पुलिस उप अधीक्षक श्योजीलाल मीणा वृताधिकारी वृत अन्ता के सुपरविजन व निर्देशन में थानाधिकारी दिग्विजय सिह पुलिस निरीक्षक ने दो तस्करो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो गांजा जब्त करने में सफलता हासिल की है। थानाधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि अन्ता में गश्त करते हुये देल्याहेडी रोड एनएच-27 की तरफ जा रहे थे कि देल्याहेडी रोड पर दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते हुये नजर आये। जो पुलिस जाप्ता को देखकर वापस भागने की कोशिश करने लगे। तो जाप्ता की मदद से दोनो व्यक्तियो को डिटेन किया गया। डिटेन शुदा व्यक्तियों से नाम पता पूछा तो घबराते हुये मोटरसाईकिल चालक ने अपना नाम जीतराज पुत्र कन्हैयालाल जाति मोग्या निवासी ठीकरिया थाना अंता तथा पीछे बैठी औरत ने अपना नाम मंजू बाई पत्नी राकेश जाति मोग्या निवासी बोरिना थाना बारां सदर जिला बारां का होना बताया। दोनों के बीच में मोटरसाईकिल पर एक थेला मिली जिसको चैक किया तो उसमें अवैध शुद्ध दो किलो गांजा मिला। मौके पर ही दोनो को गिरफ्तार कर जब्ती की कार्यवाही की। दोनो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण का अनुसंधान थानाधिकारी सीसवाली द्वारा किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। महिलाओं व बालिकाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता लाने हेतु वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जाएंगे। न्यू मेडिकल कॉलेज कोटा में मैमोग्राफी कैंप भी लगाए जाएंगे, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य की समय पर जांच और देखभाल सुनिश्चित की जा सके। यह घोषणा इनरव्हील क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमिला पारीक ने अपने शपथ-ग्रहण समारोह में कही। यह वैक्सीनेशन सदस्यों पर जन्मदिन व शादी की वर्षगांठ पर आयोजित होंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमिला पारीक ने अपने कार्यकाल में महिलाओं के स्वास्थ्य,महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, बाल कल्याण और सामाजिक कल्याण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता सक्सेना, आईपीपी सरिता भूटानी, अध्यक्ष प्रमिला पारीक, सचिव रजनी अरोरा, वाईस प्रेसिडेंट विजेता गुप्ता, कोषाध्यक्ष सरोज कालिया मंचासीन रही। कार्यक्रम संचालन मधु बाहेती ने किया। रेणुलाल पुरिया के सहयोग से कक्षा 8वीं की बालिका की शिक्षा शुल्क, अध्यक्ष प्रमिला पारीक के सहयोग से जरूरतमंद महिला के लिए कंपटीशन कोचिंग फीस और स्टडी मैटेरियल की व्यवस्था व बीना त्यागी के सहयोग से तेजस्विनी बालिका गृह रंगबाड़ी में कम्प्यूटर भेंट किया गया। समारोह में 5 नई सदस्यों को क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। इससे पूर्व स्वागत भाषण आईपीपी सरिता भूटानी ने पड़ा और गतवर्ष सचिव विजेता गुप्ता ने अपने कार्यो को मंच से साझा किया।

### पंचवटी पर्यावरण विकास समिति द्वारा सघन वृक्षारोपण सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। पंचवटी पर्यावरण विकास समिति के तत्वावधान में विज्ञान नगर 5 बी सेक्टर स्थित पार्कों में सघन वृक्षारोपण का कार्यक्रम समिति अध्यक्ष डॉ.एस.सान्याल के सानिध्य में आयोजित हुआ। जिसके अंतर्गत पार्क परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नीम, बड़, पीपल, जामुन, कदम, अशोक, बादाम के कुल 35 से अधिक पौधे लगाए गए जिनकी नियमित देखभाल एवं रखरखाव का दायित्व समिति के सदस्यों एवं विशेष कर पार्क के आसपास रहने वाले सदस्यों को दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ.सान्याल ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने में वृक्षों का संरक्षण करना अति आवश्यक है। ग्लोबल वार्मिंग एवं वायु प्रदूषण से बचाव का एकमात्र रास्ता वृक्षारोपण है क्योंकि बिना पेड़ पौधों के मानव शरीर का स्वस्थ तंदुरुस्त रहना संभव नहीं है तभी तो सरकार ने एक पेड़ मां के नाम का अभियान प्रारंभ किया हुआ है जिसका बड़ा सकारात्मक प्रभाव पूरे क्षेत्र में परिलक्षित हो रहा है। प्रेस प्रतिनिधि सुधीन्द्र गौड़ ने बताया कि इस अभियान में मुरारीलाल, प्रियंक शर्मा, मीता सान्याल, आर.सी. रल्हन, जी.पी.गौतम, डॉ. के.सी. गुप्ता, बागरेचा, रामरतन, राधा राठी, सोनू, प्रकाश, दुर्गा समेत सभी सदस्यगण का सक्रिय सहयोग रहा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया

**कोटा,** (निसं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राकेश जैन के अनुसार रविवार को नयापुरा मंडल के आकाशवाणी क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। वन एवं पर्यावरण अभियान 2025 के नयापुरा मंडल संयोजक और पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि भाजपा का यह अभियान संपूर्ण राज्य में प्रधानमंत्री जी के दिशा निर्देश पर वृहद स्तर पर पौधारोपण के रूप में चल रहा हैं। भाजपा शहर जिले में सभी जगह अलग-अलग टीम बना कर भाजपा कार्यकर्ता बड़े उत्साहित होकर इस कार्यक्रम को अंजाम दे रहे हैं। इस अवसर पर नयापुरा मंडल अध्यक्ष समीर सैनी, मंडल प्रतिनिधि सोनिया राठौड, राजा चौहान, वरिष्ठ भाजपाई राजेंद्र सिंह खींची, महामंत्री अर्चना शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप बोहरा, रजत, रोहित महावर, विवेक द्विवेदी, संजय नागर, पार्वती यादव, अरविंद गौड़, सोनिका शर्मा, शिल्पा, शिवानी,चंचल, रितिका, नेहा, सिमरन, उमा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सावन की गोठ का आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। पोरवाल समाज की सावन की गोठ का रविवार को आयोजन ऋण मुक्तेश्वर मंदिर दीपपुरा घाटे पर हुआ। समाज के अध्यक्ष महेश पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन के पावन महीने में पोरवाल समाज ने महादेव का अभिषेक किया। उसके पोरवाल समाज के आराध्य देव टोडरमल जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा नृत्य व भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में पोरवाल युवा संगठन के नगर अध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से दिलीप काला को मनोनीत किया। इस मौके पर सूरजमल पोरवाल, राधेश्याम गुप्ता, दिनेश चौधरी, किशोर चौधरी, मुकेश गुप्ता, दिनेश पोरवाल, राकेश सेठिया, जगदीश काला, पंकज गुप्ता, राजेन्द्र चौधरी, रौनक चौधरी, उज्जवल पोरवाल, प्रेम चौधरी, दीपक सेठिया, रवि सेठिया, दिनेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, शुभम गुप्ता एवं समाज की महिलाये व बच्चे शामिल रहे।

### हज यात्रीयों का स्वागत किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा के अनंतपुरा क्षेत्र से हज पर जा रहे यात्रियों का हिन्दू-मुस्लिम एकता मंच संगठन द्वारा स्वागत सम्मान का समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव राखी गौतम एवं कार्यक्रम के आयोजनकर्ता जिला कांग्रेस कमेटी कोटा के सचिव वसीम भाटी रहे। संगठन के अध्यक्ष अली ने बताया कि जिला सचिव वसीम भाटी ने माता पिता तुल्यजनों के स्वागत सम्मान की एक अच्छी पहल की है। हज पर जा रहे सभी का शॉल उड़ाकर स्वागत सत्कार किया गया।

### नदी में वृद्ध का शव मिला

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे की रेणुका नदी पर बने एनीकट के निकट रविवार सुबह एक वृद्ध व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची छबड़ा पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह कस्बे की रेणुका नदी पर बने एनीकट में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख़्त क़स्बे के पुराने थाने के पीछे के निवासी प्रभा सिंधी (80) के रूप में हुई।

## सार-समाचार

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा इलाके में ई-रिक्शा ऑटो चालक ने अपने ही वाहन में गले में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक आधा सीट पर लेटा हुआ था और गले में फंदा लगा हुआ था। परिजनो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वाहन चालक को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि कोटड़ी भोई मोहल्ला निवासी राजू (50) जो ऑटो ई-रिक्शा चलाता है। मामले में सामने आया है कि परिजनो ने जब बाहर आकर देखा तो राजू स्वयं के वाहन में रस्सी से फंदे पर लटका हुआ था जिसका शरीर का आधा हिस्सा सीट पर था और गर्दन ऑटो से बाहर निकल रही थी। रस्सी से ऑटो की एंगल में फंदा लगा रखा था। मामले में आया कि मृतक राजू मानसिक रूप से काफी समय से बीमार चल रहा था। थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कोटा,** (निसं)। रानपुर थाना इलाके में तेज रफ्तार ट्रक वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। रानपुर थानाधिकारी रामविलास मीना ने बताया कि मृतक मुकेश मीणा के ताउ के लड़के मनीष ने रिपोर्ट दी है कि दो अलग-अलग मोटरसाईकिल पर वह और उसका भाई मुकेश दोनों बारां-चितौड़गढ़ हाईवे 27 पर कैथून की ओर से होते हुए कोटा की ओर आ रहे थे। थानाधिकारी ने बताया कि हाईवे पर सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाईकिल चालक मादलिया हेड़ी गांव निवासी मुकेश मीणा (22) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### रेलवे ट्रेक पर युवक का शव मिला

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में एक युवक का शव रेलवे ट्रेक पर मिला। रेलवे ट्रेक पर शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि इलाके में रेलवे ट्रेक पर युवक का शव मिला, मृतक की पहचान सुभाष नगर निवासी अनिल नगर (34) के रूप में हुई है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच कहासुनी होने पर पत्नी नाराज होकर अपने पीहर चली गई थी। अनिल पत्नी को मनाने के लिये ससुराल गया था लेकिन पत्नी साथ आने से मना कर दिया। प्रथम दृष्टा से लग रहा है कि अनिल ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर सुसाईड किया है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया है, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कावड़ यात्रा का स्वागत किया

**कोटा,** (निसं)। पवित्र श्रावण मास में देश के कोने कोने में निकल रही कावड़ यात्राओं के तहत कोटा में भी हर वर्ष निकाले जाने वाली कावड़ यात्रा का पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कावड़ यात्रा जो रंगपुर से रंगेश्वर महादेव मंदिर, संजय नगर सहित स्टेशन क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचने वाली कावड़ यात्रा का प्रहलाद गुंजल ने भगत सिंह कॉलोनी चौराहे पर कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने सभी कावड़ियों सहित शहरवासियों को पवित्र श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दौरान आस्था का अपार समंदर कावड़ यात्रा में देखने को मिला।

### 28 को निकलेगी महाकाल की पालकी

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में सावन के तीसरे सोमवार यानी 28 जुलाई को महाकाल की पालकी निकाली जाएगी। जिसमें ढोल, नगाड़े सहित तोपो की सलामी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। पवन सुमन ने बताया कि सजी-धजी पालकी में विराजमान हो बाबा महाकाल कस्बेवासियों को दर्शन देंगे। पालकी शोभायात्रा नदी दरवाजे से सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी, जो अलीगंज बाजार, आजाद सर्किल, धरनावदा चौराहा, इंद्रा कॉलोनी होती हुई राधाकृष्ण मन्दिर पर पहुंचगी। यहां विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। इस धार्मिक कार्य की तैयारियों में भक्तजन जुट गए हैं।

### चातुर्मास का प्रभावशाली आयोजन जारी

**कोटा,** (निसं)। विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य विराग सागर महाराज एवं महाराज की शिष्या गणिनी आर्यिका माताजी एवं विनयश्री माताजी (ससंघ) का 13 पिच्छियों सहित चातुर्मास प्रभावपूर्वक संपन्न हो रहा है। मंदिर अध्यक्ष राजमल पाटोदी ने बताया कि रविवार को आयोजित विशेष धर्मसभा में चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन एवं शास्त्र भेंट का शुभ अवसर श्रावकश्रेष्ठि परिवार के हुकम चंद महावीर, आशीष, अर्पित, ग्रंथ सावला (राजगढ़ वाले) महावीर नगर तृतीय कोटा को प्राप्त हुआ।

### अवैध देशी शराब सहित दो गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के पव्वों सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए कोटडी निवासी किशन कश्यप (30) को अवैध देशी शराब के 51 पव्वे एवं शिवा कश्यप (21) को अवैध देशी शराब के 62 पव्वों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों से अवैध देशी शराब के पव्वो की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ जारी है।

### अभियान के तहत पौधारोपण किया

**छबड़ा** (निसं)। ओशो आशीष ध्यान केंद्र पर रविवार को योगाध्यक्ष स्वामी ध्यान गगन की अध्यक्षता ओर नितिन नागर के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नीम, बड़, पीपल, आम सहित कई प्रजाति के पौधे रोपे गए। यहां बबलू मीणा, राज कुमार, केलाश, रामेश्वर, धनराज, गोपाल, पवन, मनोज, आकाश, राहुल, हरिओम, पेमा, राकेश, धुलीलाल आदि मोजूद थे।

# रोटरी क्लब ने वृक्षारोपण किया, आईएफएस पवार सागर मुख्य अतिथि रहे

■ मंगलनाथ नगर वन में बिखरी हरियाली की सौगात


रोटरी क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**झालावाड़,** (निसं)। रोटरी क्लब झालावाड़ द्वारा रविवार को मंगलनाथ नगर वन में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आईएफएस पवार सागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब द्वारा कुल 51 पौधों का रोपण किया गया, जिनकी सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी क्लब की ओर से प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में क्लब सदस्यों व स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर वन विभाग द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों की विशेष सराहना की गई। मंगलनाथ नगर वन को जिस प्रकार से संवार कर एक हरित सौंदर्य स्थल बनाया गया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। करीब 2 किलोमीटर लंबे रास्तों को घने वृक्षों से घेर दिया गया है, जिससे ऐसा अनुभव हुआ मानो हम 'सोमनाथ जैसे किसी हिल स्टेशन' पर हों। रोटरी क्लब ने इस सुंदर स्थल के निर्माण व रख-रखाव में लगे हर छोटे-बड़े कर्मचारी को फूल व उपहार भेंट कर आभार प्रकट किया। यह एक सच्ची सामूहिक सहभागिता का उदाहरण बना। क्लब अध्यक्ष ने कहा, "यह सुबह हम सभी के लिए ऊर्जा और प्रकृति से जुड़ाव से भरी रही। वन विभाग ने जो कार्य किया है वह सचमुच प्रेरणादायक है और हम आगे भी ऐसे प्रयासों का हिस्सा बनना चाहेंगे।" कार्यक्रम का समापन प्रकृति की गोद में सुकून भरे पलों, सामूहिक संकल्प और मुस्कुराहटों के साथ हुआ।

# फौजा सिंह को रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल व धावकों ने श्रद्धांजलि दी

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल, आईआरसी रनर्स क्लब, केएफआर साइक्लिंग ग्रुप एवं कोटा शहर के धावक प्रबुद्धजनों ने विश्व विख्यात मैराथन धावक 114 वर्षीय फौजा सिंह को रविवार को कारगिल गेट, माला रोड, गवर्नमेंट कॉलेज के सामने श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल के अध्यक्ष सीए विपुल अग्रवाल ने बताया कि फौजा सिंह को रविवार की मैराथन दौड़ के माध्यम से श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, उनके द्वारा बनाए रिकॉर्ड को याद किया गया, उनकी उपलब्धियों को आपस में सांझा किया गया। अग्रवाल ने कहा कि फौजा सिंह का 15 जुलाई 2025 को एक दुर्घटना में 114 साल की उम्र में निधन हो गया था। अनुभवी मैराथन धावक, जिन्हें दुनिया भर में धीरज और प्रेरणा के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया जाता है, उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें पगड़ी वाला तूफान, दौड़ने वाला बाबा, सुपर मैन सिक्ख सहित कई नामों से जाना जाता था।

इस अवसर पर रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल के अध्यक्ष सीए विपुल अग्रवाल, राहुल सेठी, सुखविंदर जग्गी, अनुपम जैन, शक्ति सिंह हाड़ा, केएफआर साइक्लिंग ग्रुप के अक्षय पारीख, आरपी पंचोली, कृष्णा पाराशर आईआरसी रनर्स क्लब के अजय सेठी, सत्यनारायण मालव, दीपा, डॉ.हर्ष, अश्विन मक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

# विप्र फाउंडेशन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया

■ 101 पौधे रोपे, रखरखाव की शपथ ली


कोटा में विप्र फाउंडेशन के द्वारा पौधारोपण किया गया है।

**कोटा,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा (चच्चू भैया) के नेतृत्व में जन हितैषी आयुर्वेद औषधालय परिसर घोड़े वाले बाबा चौराहा पर पौधारोपण कर 101 पौधे लगाने के संकल्प का शुभारंभ किया गया।

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा (चच्चू भैया) ने कहा कि ऑक्सीजन की समस्या से प्राय: व्यक्ति को जूझना पड़ा है। प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। उन्होंने कहा पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा हमें प्राणवायु प्रदान करने वाले पेड़ प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत जरूरी हैं। हर व्यक्ति को जनहित व देशहित में पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा।

विप्र फाउंडेशन के प्रदेश प्रवक्ता रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि इससे पूर्व जन हितैषी आयुर्वेद औषधालय के अध्यक्ष डॉक्टर रेवती रमण पारीक, सुनील मेहता, संजीव शर्मा, डॉ.ओ.पी. नंदवाना आदि ने फाउंडेशन के पदाधिकारियों का फूल मालों से स्वागत किया। रमेश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संघ विप्र फाउंडेशन कोटा और जिला अध्यक्ष नरेंद्र नंदवाना ने बताया कि विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा 101 पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनने तक की जिम्मेदारी ली गई जिनमें नीम, बिल्वपत्र, शीशम, आंवला, गुलमोहर, आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर केडीए आयुक्त हरफूल सिंह यादव अधीक्षण अभियंता ज्योति वर्मा का नि:शुल्क पौधे उपलब्ध करवाने और पौधारोपण में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष शशि शर्मा, पदाधिकारी वैभव दाधीच, आलोक शर्मा, के.के.शर्मा, वैद्य रघुनंदन शर्मा, श्याम मनोहर आचार्य, अभिषेक मिश्रा, विकास दीक्षित, सुनील शर्मा, नरेश शर्मा, पुरुषोत्तम गौतम, संस्था के अधिकारी डॉ.रेवती रमन पारीक, डॉ. ओमप्रकाश नंदवाना, डॉ. रघुनंदन नंदवाना, डॉ. राज सिंह, रामानंद शुक्ला, सुनील मेहता, धर्मेंद्र पारीक, महिला पदाधिकारी अनीता शर्मा, अर्चना दुबे, कुसुम शर्मा, मंजू शर्मा, रमा शर्मा, संतोष पारीक, कैलाश आदि सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। प्रवक्ता रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत झालावाड़ ईकाई द्वारा 501 पौधे, रावतभाटा संस्था द्वारा 101 पौधे लगाए गए। इसी तरह बूंदी और बारां की इकाईयों द्वार भी सघन पौधारोपण किया जाएगा।

# मथुराधीश मन्दिर पर हिंडोला महोत्सव शुरू

**कोटा,** (निसं)। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पर रविवार से हिंडोला महोत्सव शुरु हुआ। जिसमें प्रभु को सुसज्जित और आकर्षक हिंडोले में विराजित कर पलना दिया गया। भक्तों ने जयकारों के साथ प्रभु के बालस्वरूप के खूब लाड़ लड़ाए। हिंडोले का अधिवासन किया गया। सोमवार को कामिका एकादशी पर भी शाम 5.30 बजे से डोल तिबारी में प्रभु के हिंडोला में दर्शन होंगे। इस दौरान प्रभु का भारी श्रृंगार किया गया था। मंदिर के सभी मुख्य द्वारों की देहलीज को हल्दी से लीपा गया एवं आशापाला की सूत की डोरी की वंदनमाल बाँधी गई। मंगल भोग के पश्चात ठाकुरजी को चन्दन, आंवला एवं फुलेल से अभ्यंग कराया गया। श्री मथुरेश टेंपल बोर्ड के महामंत्री मोनू व्यास ने बताया कि हिंडोलना रोपण के पश्चात उत्सव भोग में विशेष रूप से खस्ता शक्करपारा, छुट्टी बूंदी, दूधघर में सिद्ध मावे के पेड़ा-बर्फी, दूधपूड़ी, विविध प्रकार के संदाना (आचार) के बटेरा, विविध प्रकार के फल आदि आरोगाये जा रहे हैं। ऊष्णकाल की समाप्ति और श्रावण मास के आरम्भ के साथ लिचोई-आमरस बंद हो जाता है एवं चूरमा-बाटी, मानभोग, गेहूं के आटे और मूंग की दाल का सीरा अरोगना प्रारंभ हो जाता है।

**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला-चित्तौडगढ़ (राज.)**

क्रमांक-नपारा/भूमि/2025-26/1112 आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक 7.7.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीमती पुष्पा बाई पत्नी श्री संतोष सिंह राजपूत निवासी कोटा ने इस कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन मय शपथ पत्र एवं वांछित दस्तावेजो की स्व: प्रमाणित छायाप्रतियों को ऑनलाईन अपलोड कर नगर पालिका रावतभाटा के गैर योजना क्षेत्र हरिजन बस्ती, डेम रोड, रावतभाटा में स्थित आवासीय बिखरा भूखण्ड संख्या ए/पी-01 साईज 24x40 क्षेत्रफल 1120 वर्गफीट अर्थात् 104.05 वर्गमीटर का नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने नाम पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु निवेदन किया हैं।

प्रस्तुत/ऑनलाईन अपलोड दस्तावेज एवं पत्रावली अनुसार यह भूखण्ड पालिका द्वारा नीलामी दिनांक 20.01.2012 अर्न्तगत श्री कन्हैयालाल शर्मा पिता श्री मोहनलाल शर्मा निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया था, जिसकी, सम्पूर्ण राशि एवं एकमुश्त 10 वर्ष की लीज राशि जमा होने के उपरांत क्रेता के पक्ष में लीज डीड क्रमांक 28 दिनांक 16.05.2012 व पंजीयन दिनांक 25.05.2012 को करवाया गया तथा इसके उपरान्त क्रेता ने पालिका से बिना विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.07.2012 से आवेदक श्रीमती पुष्पा बाई पत्नी श्री संतोष सिंह राजपूत निवासी कोटा को विक्रय किया गया। जिसके आधार पर आवेदक के नाम भूखण्ड का नामान्तरण/हस्तान्तरण नियमानुसार दर्ज किया जाना प्रस्तावित हैं।

अत: उक्त भूखण्ड का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में आवेदक के नाम दर्ज करने पर किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर हो, तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साध्य सबूत के अपनी आपत्ति/उजरदारी प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| देवेन्द्र सिंह, श्रीमती सूरज कंवर खाता सं. 181213700764457 | 17 जुलाई 2025 ₹ 189182/- 16 जुलाई 2025 | (ईडब्ल्यूएस) फ्लेट नं. 14, ब्लॉक नं. ई-2, (तीसरी मंजिल), सीएम आवास योजना 2015 के अन्तर्गत, गांव-गांधी ग्राम रोड़, बूंदी, राजस्थान क्षेत्रफल 346 वर्ग फीट |

स्थान : जयपुर दिनांक 21.07.2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड